उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड

(उ0प्र0 नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड अधिनियम, 2011 के अधीन गठित)
नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र, गोमतीनगर विस्तार, सेक्टर–7, निकट डायल–112, शहीदपथ, लखनऊ–226002
e-mail – upbdmfr@gmail.com

संख्या–न0वि0सं0बो0 / डी– 398 / 2023 लखनऊ दिनांकः 22 नवम्बर, 2023

विज्ञप्ति

अध्यक्ष, नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड, उ0प्र0 द्वारा निम्नांकित पद को संविदा के आधार पर समकक्ष पद से सेवानिवृत्त अधिकारियों से भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैंः

1. वैयक्तिक सहायक ग्रेड–1 (एक पद) वेतनमान रू0 9300–34800 (ग्रेड पे रू0 4600 / –) / सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत समकक्ष वेतनमान लेवल–7

2. नियुक्त किए गए अभ्यर्थी का वेतन निर्धारण सामान्य सिद्धान्त के अनुसार उनके द्वारा आहरित अन्तिम मूल वेतन (वेतन बैण्ड में बैण्ड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग) में से शुद्ध पेंशन (राशिकरण के पूर्व) की राशि को घटाते हुए किया जाएगा अथवा उनके वेतन बैण्ड में अधिकतम वेतन तथा ग्रेड वेतन के योग, दोनों में जो कम हो, से अधिक नहीं होगा। उपर्युक्त सिद्धान्त का अनुपालन करते हुए नियुक्त अभ्यर्थी को सांतवे वेतन आयोग के अन्तर्गत अनुमन्य समकक्ष वेतनमान स्वीकार्य होगा। किन्तु किसी भी दशा में वेतन का निर्धारण सम्बन्धित पद के लिए अनुमन्य वेतनमान के उच्चतम स्तर से अधिक स्तर पर नहीं किया जाएगा।

3. संविदा पर कार्यरत कर्मचारी / अधिकारी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होगी तथा सेवारत रहने की अवधि तक पेंशन पर मंहगायी राहत अनुमन्य नहीं होगी।

4. संविदा के आधार पर आवेदन करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी की आयु दिनांक 01 जनवरी, 2024 की स्थिति के अनुसार 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। जो कर्मचारी 30 नवम्बर, 2023 तक 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर अधिवर्षता के आधार पर सेवानिवृत्त होने वाले हैं वे भी संगत पद हेतु आवेदन करने के पात्र होगें।

वैयक्तिक सहायक ग्रेड–1 हेतु अर्हता

1. उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट या समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2. हिन्दी स्टेनोग्राफी में 80 शब्द प्रतिमिनट एवं हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रतिमिनट की गति हो।
3. सरकारी विभाग / सरकारी संस्था / सरकारी उपक्रम में समान पद पर कम से कम 03 वर्षों का सेवा अनुभव हो तथा वैयक्तिक सहायक ग्रेड–1 या उच्चतर पद से सेवा निवृत्त हुआ हो।

निम्नांकित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी–

1.. अंग्रेजी स्टेनोग्राफी में 100 शब्द प्रतिमिनट एवं अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रतिमिनट का ज्ञान।
2. डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डोएक) सोसाइटी परिवर्तित नाम NIELIT-National Institute of Electronics and Information Technology द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र

अन्य उपबन्ध

पद पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा के आधार पर नियुक्ति प्रथमतया 01 वर्ष के लिए की जाएगी, जो संतोषजनक सेवाएं होने पर तथा बोर्ड कार्यालय में उसकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वर्षानुवर्ष अभ्यर्थी के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक बढ़ाई जा सकती है। अधिकतम सेवा अवधि 65 वर्ष की आयु तक होगी।

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सभी वांछित प्रपत्रों, जिससे कि उनके द्वारा अर्हता पूर्ण करने की पुष्टि हो सके, के साथ अपना आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 तक सचिव, नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड, उ0प्र0 को प्राप्त हो जाए। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सचिव
नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड, उ0प्र0,
लखनऊ।